प्रादेशिक समाचार

दिनांक– 11.03.2026 (दोपहर–1310 बजे)

मुख्य समाचार

1. राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने नई दिल्ली में जल महोत्सव कार्यक्रम को किया संबोधित, कहा जल प्रबंधन और संरक्षण में सामुदायिक समितियों की भूमिका महत्वपूर्णं

2. झारखंड विधानसभा में विधायक नवीन जायसवाल ने रामनवमी के दौरान डीजे पर रोक का मुद्दा उठाया, मंत्री राधाकृश्ण किशोर ने रसोई गैस किल्लत के लिए केन्द्र पर साधा निषानां

3. झारखंड के खाद्य और आपूर्ति मंत्री इरफान अंसारी ने केंद्रीय पेट्रोलियम मंत्री हरदीप सिंह पुरी को पत्र लिखकर व्यावसायिक एलपीजी सिलेंडरों की आपूर्ति की रखी मांगं

4. भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो–एसीबी ने झारखंड शराब घोटाला मामले में नवीन केडिया को रांची से किया गिरफ्तार, रिमांड पर लेकर होगी पूछताछं और

5. एफआईएच महिला हॉकी विश्व कप क्वालीफायर के पूल बी के अंतिम मैच में आज भारत का सामना वेल्स से, भारतीय टीम में कप्तान सलीमा टेटे समेत झारखंड की चार खिलाड़ी षामिलं

''''''''''''''''''''''''

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने नई दिल्ली के विज्ञान भवन में जल महोत्सव– 2026 कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि जल प्रबंधन और संरक्षण में भी सामुदायिक समितियों की भूमिका महत्वपूर्ण हैं

''''''''''''''''''''''''

झारखंड विधानसभा के बजट सत्र के 11वें दिन आज सत्ता पक्ष और विपक्ष में नोंक झोंक हुईं हटिया विधायक नवीन जायसवाल ने रामनवमी के दौरान डीजे बजाने पर रोक का मुद्दा उठायां

वहीं मंत्री राधा कृश्ण किषोर ने रसोई गैस किल्लत के लिए केन्द्र सरकार पर निषाना साधां

सत्र के दौरान लिट्टीपाड़ा के विधायक हेमलाल मुर्मू ने अबुआ आवास का मुद्दा उठायां जिसपर ग्रामीण विकास मंत्री दीपिका पांडेय सिंह ने योजना के तहत कराए जा रहे कार्यो की जानकारी दीं

''''''''''''''''''''''''

राज्य के स्वास्थ्य मंत्री डॉ. इरफान अंसारी ने वाणिज्यिक एलपीजी सिलेंडर की आपूर्ति बहाल करने के लिए पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी को पत्र लिखा हैं उन्होंने कहा कि एलपीजी आपूर्ति बाधित होने से उद्योगों, होटलों और औद्योगिक कैंटीनों में हजारों मजदूरों के भोजन की व्यवस्था प्रभावित हो रही हैं मंत्री ने केंद्र सरकार से औद्योगिक कैंटीनों और होटलों के लिए वाणिज्यिक एलपीजी की आपूर्ति जल्द बहाल करने का अनुरोध किया हैं

''''''''''''''''''''''''

कांग्रेस के झारखंड प्रभारी के राजू आज से तीन दिवसीय दौरे पर रांची पहुंचेंगें इस दौरान झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष केशव महतो कमलेश भी उनके साथ कई कार्यक्रमों में शामिल रहेंगें नई दिल्ली से रांची पहुंचने के बाद श्रीराजू खूंटी जिले के तोरपा प्रखंड जाएंगे, जहां नगर भवन में आयोजित ब्लॉक संवाद कार्यक्रम में शामिल होंगें

''''''''''''''''''''''''

झारखंड उच्च न्यायालय ने पूछताछ के दौरान ईडी की ओर से हमले के आरोप के खिलाफ सीबीआई जांच का आदेश दिया हैं यह मामला एयरपोर्ट थाना क्षेत्र का है जिसमें पुलिसकर्मी संतोश कुमार ने ईडी अधिकारियों पर पूछताछ के दौरान मारपीट का आरोप लगाया थां ईडी ने इस मामले को झुठा बताते हुए सीबीआई जांच की मांग को लेकर झारखंड उच्च न्यायालय में याचिका दाखिल की थीं

''''''''''''''''''''''''

झारखंड मंत्रिपरिशद की बैठक कल रांची स्थित प्रोजेक्ट भवन में होगीं इसे लेकर मंत्रिमंडल सचिवालय और निगरानी विभाग ने सूचना जारी कर दी हैं इस बैठक में कई महत्वपूर्ण प्रस्तावों को मंजूरी दी जाएगीं

''''''''''''''''''''''''

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो–एसीबी ने झारखंड शराब घोटाला मामले में छत्तीसगढ़ के दुर्ग के रहने वाले नवीन केडिया को गिरफ्तार कर लिया हैं नवीन केडिया की गिरफ्तारी रांची से हुई है, जिसके बाद उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया हैं बताया जा रहा है कि एसीबी नवीन केडिया को पूछताछ के लिए रिमांड पर ले सकती हैं

''''''''''''''''''''''''

राष्ट्रीय महिला आयोग की ओर से 13 मार्च को देवघर समाहरणालय सभागार में राष्ट्रीय महिला आयोग, आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगां उपायुक्त नमन प्रियेष लकड़ा ने बताया कि इस कार्यक्रम का प्राथमिक उद्देश्य जिले की महिलाओं को एक सुरक्षित मंच प्रदान करना है, जहां वे अपनी शिकायतों और समस्याओं को सीधे आयोग के समक्ष रख सकें

''''''''''''''''''''''''

बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ अभियान के तहत धनबाद स्वास्थ्य विभाग द्वारा जागरूकता रैली निकाली गयीं इस दौरान सिविल सर्जन आलोक विश्वकर्मा ने धनबाद में लिंग अनुपात में गिरावट के प्रति लोगों को जागरूक करने पर जोर दियां

''''''''''''''''''''''''

शेयर बाजार के संवेदी सूचकांक के शुरूआती कारोबार में आज एक प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गईं अंतिम रिपोर्ट के अनुसार, सेंसेक्स नौ सौ से अधिक अंक लुढ़कर सत्तर हजार तीन सौ जबकि निफ्टी दो सौ पचास अंक की गिरावट के साथ चौबीस हजार 13 पर थां

''''''''''''''''''''''''

राजधानी रांची के सर्राफा बाजार में आज 22 कैरेट सोने की कीमत एक लाख 50 हजार 3 सौ रूपये प्रति दस ग्राम है, जबकि चांदी की कीमत 2 लाख 88 हजार रूपये प्रति किलो हैं

''''''''''''''''''''''

एफआईएच महिला हॉकी विश्व कप के क्वालीफायर मुकाबले में भारतीय टीम आज पूल बी के अपने अंतिम मैच में वेल्स से खेलेगीं एक रिपोर्ट.–

भारतीय महिला हॉकी टीम में झारखंड की चार खिलाड़ी कप्तान सलीमा टेटे, निक्की प्रधान, दीपिका सोरेन और ब्यूटी डुगडुंग षामिल हैं

''''''''''''''''''''''

ओडिशा के भुवनेश्वर में 15 से 20 मार्च तक आयोजित होने वाली यूथ नेशनल वालीबॉल चैंपियनशिप के लिए बालक और बालिका वर्ग में खूंटी के दो खिलाड़ियों का चयन किया गया हैं बालक वर्ग में गौतम राम और बालिका वर्ग में अनिमा भुइयां का चयन हुआ है

''''''''समाप्त''''''''''''''''